# ई-आरसीएस पोर्टल

(e-RCS Portal)

## सहकारी संस्थाओं के पंजीयक कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण

Strengthening of Cooperatives through IT Interventions

छत्तीसगढ़ सहकारिता विभाग | डिजिटलीकरण परियोजना

# योजना का परिचय

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित **“Strengthening of Cooperatives through IT Interventions”** योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में सहकारिता विभाग के कार्यालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है।

इस पहल के माध्यम से सहकारी समितियों का पंजीयन, उपविधि में संशोधन, वार्षिक विवरणी, लेखा परीक्षण एवं अन्य सेवाओं को पूर्णतः ऑनलाइन, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित किया जा रहा है, जिससे सहकारी संस्थाओं एवं विभाग के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित होता है।

**डिजिटल सहकारिता**

पारदर्शी, कागज़रहित एवं
एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

# योजना का उद्देश्य

### ऑनलाइन एवं पारदर्शी सेवाएं

सहकारिता विभाग की सेवाओं को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाना।

### एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

सहकारी समितियों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना।

### ऑनलाइन सेवा निष्पादन

पंजीयन, संशोधन, वार्षिक विवरण, लेखा परीक्षण एवं अन्य सेवाओं का ऑनलाइन निष्पादन।

### सरल व त्वरित कार्यप्रणाली

विभागीय कार्यप्रणाली को सरल, त्वरित एवं कागज़रहित बनाना।

### प्रभावी समन्वय

शासन, विभाग एवं सहकारी संस्थाओं के मध्य प्रभावी समन्वय एवं सूचना प्रबंधन सुनिश्चित करना।

# मुख्य मॉड्यूल

*इस परियोजना अंतर्गत विकसित प्रमुख मॉड्यूल*

### सहकारी सोसाइटी पंजीयन

न्यूनतम 11 सदस्यों द्वारा नई सहकारी सोसाइटी का पंजीयन पूर्णतः ऑनलाइन, निःशुल्क एवं पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा नियत समय-सीमा में।

### उपविधि संशोधन

सहकारी समितियों की उपविधियों में संशोधन हेतु प्रस्ताव, परीक्षण, अनुमोदन एवं डिजिटल अभिलेखीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन।

### अंकेक्षण

सहकारी समितियों के वार्षिक लेखा-परीक्षण की नियुक्ति, निष्पादन एवं रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण का ऑनलाइन प्रबंधन।

### वार्षिक विवरणी

सहकारी समितियों द्वारा वार्षिक विवरणी एवं संबंधित दस्तावेजों का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण एवं अभिलेखीकरण।

### निर्वाचन

निर्वाचन कार्यक्रम, मतदाता सूची, नामांकन, परीक्षण तथा परिणामों का डिजिटल प्रबंधन एवं अभिलेखीकरण।

### विधि

सहकारी संस्थाओं से संबंधित विधिक प्रकरणों एवं अपीलों के निराकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया।

### परिसमापन

सहकारी समितियों के परिसमापन की संपूर्ण प्रक्रिया का ऑनलाइन एवं पारदर्शी संचालन।

### शिकायत समाधान

सहकारी संस्थाओं एवं सदस्यों की शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी ऑनलाइन निराकरण की व्यवस्था।

# राज्य विशिष्ट मॉड्यूल

### गृह निर्माण समितियों द्वारा NOC

गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा एनओसी जारी करने की संपूर्ण प्रक्रिया — आवेदन पंजीकरण, दस्तावेज़ सत्यापन, अनुमोदन एवं एनओसी निर्गमन — ऑनलाइन एवं पारदर्शी रूप से।

### शक्कर कारखानों एवं एथेनाल प्लांट की समीक्षा

उत्पाद, गन्ना पेराई, भुगतान, भंडारण, अनुपालन, निरीक्षण एवं रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी का संकलन, सत्यापन एवं विश्लेषण।

### ब्याज अनुदान एवं अन्य

सहकारी सोसाइटियों हेतु ब्याज अनुदान से संबंधित सेवाओं का ऑनलाइन प्रबंधन।

# धन्यवाद

*सहकारी संस्थाओं के लिए पारदर्शी, त्वरित एवं डिजिटल भविष्य की ओर एक कदम*

**सहकारिता विभाग, छत्तीसगढ़ शासन**

ई-आरसीएस पोर्टल | Strengthening of Cooperatives through IT Interventions